तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.3 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

11 अधिकारियों पर मनमर्जी के तबादले पर भड़के बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मी



12 विकसित भारत समर्थ भारत के लक्ष्य पर आगे बढ़ रही मोदी सरकारः सिंधु



## खबर संक्षेप

### कृषि सामान चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने गांव देवा से कृषि सामान चोरी के मामले में देवा गांव निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जगतार सिंह ने बताया कि इस संबंध में देवा गांव निवासी विजेन्द्र उसके घर से कृषि सामान पंखा, हांडी, बैंड, पट्टा नाल और गाटर चोरी की शिकायत दी थी।

### फोन छीनने वाले पांच नाबालिग अभिरक्षा में

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने पटेल नगर से मोबाइल फोन छीनने के मामले में पांच नाबालिग आरोपितों को अभिरक्षा में लेकर छीना गया मोबाइल और वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपितों को जेजे बोर्ड के सम्मुख पेश किया गया, जहां से उन्हें ऑब्जरवेशन होम भेजा गया।

### नकदी लूटने के मामले में तीन गिरफ्तार

**हिसार।** पुराना बस स्टैंड बरवाला चौकी पुलिस ने खरखड़ा-बरवाला रोड से मोटरसाइकिल सवार चार युवकों द्वारा भट्ठा पर काम करने वाले दो व्यक्तियों के साथ मारपीट कर एक हजार रुपए लूटने के मामले में तीन आरोपितों को पकड़ा है। इनमें खरकड़ा निवासी प्रवीन उर्फ बिंटू, विजय उर्फ मिठू और अकबर शामिल है।

### दिव्य देव स्थानम मंदिर में फ्री मेडिकल कैंप लगाया

**हिसार।** दिव्य देव स्थानम मन्दिर, सरसौद के प्रधान मदनलाल गोयल ने बताया कि उनके पिता स्व. झगीरीमल की 25वीं पुण्य तिथि पर मंदिर प्रांगण में फ्री मेडिकल कैम्प में लगभग 200 रोगियों का निरीक्षण किया।

## हिट एंड रन कानून के खिलाफ हड़ताल पर बैठे निजी बसों के चालक

# जिले के 18 रूटों पर बंद रहा 430 बसों का पहिया

- चालकों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एंड रन कानून के खिलाफ जिले में सोमवार को सहकारी बसों का पहिया जाम रहा। समिति संचालकों ने इसे काला कानून बताते तुरंत वापिस लिए जाने की मांग की और चेताया कि यदि इसे वापिस नहीं लिया गया तो वे स्टेरिंग छोड़ देंगे लेकिन चालक की नौकरी नहीं करेंगे।

केन्द्र के नए कानून हिट एंड रन के विरोध में देशभर में चालक वर्ग हड़ताल पर है। इसी के चलते जिले में सोमवार को सहकारी समिति के चालकों ने हड़ताल रखी। बसों के चालक बसों को बस अड्डे के अंदर एक साइड में रोककर हड़ताल पर बैठ गए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस कानून को वापस लेने की मांग की। सहकारी समिति के नेताओं ने बताया कि जिले में 18 रूटों पर 430 बसें चलती हैं और वे सभी बसें आज बंद रही। उन्होंने ऐलान किया कि जब तक केंद्र सरकार इस कानून को वापिस नहीं लेगी तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।



**हिसार।** हड़ताल के दौरान हिसार बस अड्डे पर खड़ी सहकारी समिति की बसें। फोटो : हरिभूमि

### कानून में ये बताई खामी

सहकारी समिति नेताओं ने कहा कि यह नया कानून पूरी तरह से जनविरोधी व चालक विरोधी है। उन्होंने बताया कि नए कानून के अनुसार हर वो आदमी चालक है, जिसने चालक लाइसेंस बनवा लिया। केवल बस या ट्रक चालक ही नहीं, यदि कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के साथ कहीं जा रहा है, खाली बाइक या स्कूटर पर जा रहा है और उससे कोई दुर्घटना हो जाती है और वह भाग जाता है तो वह गुनाहगार माना जाएगा। ऐसे में उसे 10 साल की सजा व 10 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी चालक या किसी नागरिक के लिए यह सजा भुगतना मुमकिन नहीं है।

### कानून में पहले भी प्रावधान

हड़ताल पर बैठे सहकारी समिति के विभिन्न रूटों के प्रधानों रणधीर कुंडू, पप्पू सरदार, सतीश, मड्डू, काला, सतीश घोड़ेला, कमल, राजपाल, बबलू व ताउ देशराज ने कहा कि दुर्घटना होने की स्थिति में पहले के कानून में भी कार्रवाई का प्रावधान है। कोई चालक दुर्घटना करके खुश नहीं होता और दुर्घटना होने की स्थिति में भागना भी नहीं चाहता, लेकिन परिस्थितिवश उसे भागना पड़ता है, अन्यथा उसे एकत्रित हुई भीड़ पीट-पीटकर मार देगी।

### मॉब लीचिंग का जिक्र नहीं

चालकों व पदाधिकारियों ने कहा कि नए हिट एंड रन कानून में इस बात पर तो जोर दिया गया है कि चालक दुर्घटना के बाद चालक भागेगा तो उसे सजा व जुर्माना होगा लेकिन इस बात का जिक्र नहीं है कि यदि न भागने की हालत में भीड़ उसे पीटकर मौत के घाट उतार देती है तो भीड़ पर क्या कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि चालक के लिए आगे कुआं व पीछे खाई वाली स्थिति हो गई है।

### छोड़ देंगे स्टेयरिंग, कर लेंगे मजदूरी

हड़ताली चालकों ने कहा कि यदि केन्द्र ने ये कानून वापिस नहीं लिया तो वे चालक का काम ही दोड़ देंगे और मजदूरी कर लेंगे। उनका कहना है कि मामूली 8 से 10 हजार में नौकरी करके किसी तरह परिवार का पालन पोषण करते हैं और अब केन्द्र ने जो कानून बनाया है, उससे तो उनके सिर पर तलवार ही लटक गई है। वे हर समय डर के साये में रहेंगे। ऐसे में उनके लिए मजदूरी करना ही ठीक रहेगा।

### यात्री हुए परेशान

जिले के 18 रूटों पर सहकारी समिति की 430 बसें चलती है। नए कानून के विरोध में चालकों की हड़ताल के चलते इन रूटों पर सोमवार को ये बसें नहीं चली जिसके चलते इन रूटों पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। चालकों ने कानून वापस लिए जाने तक हड़ताल रखने की बात कही है।



**हांसी।** बस स्टेंड परिषद में धरने पर बैठे निजी परिवहन बस समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज सांझा मोर्चा का प्रदर्शन कल

**हिसार।** केंद्र सरकार द्वारा दुघर्टना के संबंध में लाए गए नए कानून हिट एंड रन का हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने विरोध किया है। सांझा मोर्चा ने इस कानून को जनविरोधी बताते हुए तीन जनवरी को दो घंटे तक विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस संबंध में सांझा मोर्चा के हिसार डिपो पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें केन्द्र द्वारा लाए गए नए कानून का विरोध किया गया। डिपो प्रधान अजय दुहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में राजवीर दुहन और राजकुमार चौहान ने विशेष रुप से भाग लिया।

## हांसी में हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में उतरे प्राइवेट बस चालक

- नए साल के पहले दिन ही बस यात्रियों को हुई परेशानी

**हांसी।** नए साल के पहले दिन प्राइवेट बस चालकों ने सरकार के हिट एंड रन के कानून के विरोध में तीन दिन की हड़ताल का ऐलान कर दिया। हड़ताल के दौरान सोमवार को प्राइवेट बस चालकों ने बसों को बस स्टैंड परिसर के अंदर खड़ी कर धरना दिया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। बस चालकों ने हिट एंड रन के लिए नए कानून को लागू करने के बाद विरोध व्यक्त किया। निजी परिवहन समिति बस चालकों द्वारा हड़ताल किए जाने पर नए साल के पहले ही दिन यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पडा। यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिये इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार को हांसी से जींद, हिसार, भिवानी, उचाना, जुलाना, महम-रोहतक व बरवाला आदि समेत सभी रुटों पर बस सेवाएं बाधित रही। हांसी के अतिरिक्त अन्य जिलों में भी प्राइवेट बसों के पहिए थम गए है। धरने पर बैठे प्राइवेट बस चालकों ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय संहिता में हिट एंड रन बिल पारित किया गया है, जिसका ट्रक चालकों के बाद निजी बस चालकों ने भी विरोध जताया है और इस बिल को वापस लेने की मांग की है। चालकों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए यूनियन इसका विरोध करती है, क्यों कि इस बिल के लागू होने से देशभर के चालक बर्बाद हो जाएगा।



**हांसी।** निजी परिवहन चालकों की हड़ताल के चलते रोडवेज बस में चढ़ने के लिए खिड़की पर लगी सवारियों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### हांसी में 9 रूटों पर चलने वाली 91 बसें रही बंद

*नया कानून लागू किए जाने के बाद प्राइवेट बस चालकों ने साल के पहले ही दिन इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान हांसी से 9 रूटों पर चलने वाली 91 बसे बंद रही। चालकों ने बस स्टैंड परिसर में धरना लगाकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और नये कानून को रद्द करवाने की मांग की। इस दौरान बस चालकों ने चेतावनी दी कि जब तक कानून वापस नहीं होगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।*

## ज्वेलर्स की दुकान से दो महिलाएं सोने के आभूषण लेकर फरार

- पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

पुराने बस अड्डे के पास मोती लुहार वाली गली में स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान से दो अज्ञात महिलाएं हजारों रुपए के सोने के आभूषणों की चोरी करके फरार हो गई है। सूचना पाते ही पुलिस चौकी प्रभारी मनमोहन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और इस घटना के बारे में ज्वेलर्स से जानकारी ली और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। ज्वेलर्स द्वारा सीसीटीवी फुटेज को पुलिस को सौंप दिया गया है और ज्वेलर्स द्वारा इस चोरी की घटना की पुलिस में शिकायत भी दे दी गई है।

पारस ज्वैलर्स के मालिक वार्ड नंबर 17 निवासी टेकचंद सोनी ने बताया कि सोमवार दोपहर लगभग पौने तीन बजे दुकान में दो महिलाएं आई और उन्होंने अढ़ाई तीन ग्राम के सोने की बालियां मांगी। जब इन महिलाओं को सोने की बालियां दिखाई तो इन महिलाओं ने बड़ी चालाकी से सोने के आभूषणों की ट्रे में हाथ मार कर सोने के आभूषणों की चोरी कर ली। ये दोनो महिलाएं बालियां पसंद नहीं आई यह कहते हुए दुकान से निकल कर फरार हो गई। टेकचंद सोनी ने ट्रे में रखे सोने के आभूषणों को संभाला तो ट्रे में से 14 ग्राम के सोने के आभूषणों की चोरी मिले। जिसकी कीमत लगभग 90 हजार रुपए आंकी गई है। ये दोनों महिलाएं एक दो अन्य ज्वेलर्स की दुकान पर गई परंतु वहां पर इन महिलाओं को चोरी करने का मौका नहीं मिला।



**बरवाला।** सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देती संदिग्ध महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड के साथ नववर्ष का आगाज

- नए साल का पहला दिन सीजन का रहा सबसे कोल्ड डे
- 6 जनवरी तक रात्रि पारे में गिरावट व दिन के पारे में हल्की वृद्धि की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नववर्ष का आगाज हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड के साथ हुआ। उत्तर-पश्चिमी बर्फीली हवाओं के कारण लोग दिनभर ठंड के मारे कांपते रहे। ऊपर से दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हुए तो ठंड के कारण लोगों की मुश्किलें और अधिक बढ़ गई। हिसार का न्यूनतम पारा 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। जिले के ही गांव बालसमंद में दिन का पारा गिरकर 10.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। आईएमडी के अनुसार यह सीजन का सबसे कोल्ड डे रहा। सोमवार को पिछले सप्ताह के मुकाबले धुंध कम थी, लेकिन शीत लहर का प्रकोप छाया हुआ था। उधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले चार-पांच दिन हिसार व आसपास के क्षेत्र में ठंड से राहत के कोई संकेत नहीं है। ऐसे में लोगों को शीत लहरों से दो-चार होना पड़ेगा।

### अलाव का लिया सहारा

हांड कंपकंपा देने वाली अत्याधिक ठंड के चलते सोमवार को शहर में जगह-जगह लोग आग जलाकर सर्दी से बचाव करते देखे गए। ठंड के चलते बाजारों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा कम चहल-पहल थी। ठंड के कारण लोग खासकर बुजुर्ग घरों में दुबके रहे। स्कूलों में भी शीतकालीन अवकाश शुरू होने के कारण बच्चे भी अधिकतर समय घर के अंदर ही रहे। ठंड के चलते दुपहिया आवागमन करने में वाहन चालकों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मौसम पूवार्नुमान

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा में मौसम आमतौर पर 6 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान हल्की गति से उत्तरपश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। इससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है परंतु इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों अलसुबह धुंध रहने की संभावना है।

इसके साथ ही मौसम वैज्ञानिकों ने दिन के पारे में हल्की वृद्धि तथा रात्रि पारे में गिरावट की संभावना जताई है।



**नारनौंद।** मनरेगा के मेट एसडीएम सोनू भट्ट को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मनरेगा मेट मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**नारनौंद।** मनरेगा मेट मजदूर समिति द्वारा नारनौंद के उपमंडल कार्यालय में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से सरकार को मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर समिति प्रवक्ता कृष्ण माजरा ने बताया कि समिति पिछले तीन महीने से पंचकूला सेक्टर में अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। सरकार से मांग है कि तीन जनवरी को कैबिनेट की मीटिंग है या तो सरकार इस मीटिंग में हमारी मांगों को पूरा करे सरकार नहीं तो मनरेगा मेट मजदूर एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस मौके पर तेजबीर राखी, रणधीर, मुकेश लोहान, मनजीत सरपंच, दिनेश राखी, कुलवंत मोर, अभिमन्यु पेटवाड़, कृष्ण ठाकुर आदि मौजूद थे।

पगड़ी रस्म



स्व. श्री रामकुमार बंसल जी
आपको बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री रामकुमार बंसल जी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 22 दिसंबर 2023, शुक्रवार को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए
श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म
दिनांक 2 जनवरी 2024, दिन मंगलवार को सायं 4:00 बजे सम्पन्न होगी।
प्रसादः दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
स्थान : A-404, रियल हैवन अपार्टमेंट, बचपन स्कूल के पीछे, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.) मो नं : 9424144236, 9302235101
शोकाकुल
महावीर प्रसाद, सुरेंद्र, पवन (भाई) प्रवीण, संदीप, संजय (पुत्र)
प्रखर, अनमोल, मयंक, वैभव, दिव्यांश (पौत्र)
स्नेहा (पौत्री) आयांश (प्रपौत्र) एवं समस्त बंसल परिवार

**आदेश** जनसंवाद में आई शिकायतों व सफाई व्यवस्था पर निगम प्रशासन ने दिखाई गंभीरता

# कार्यकारी अभियंता करेंगे बरवाला के एमई बेरवाल की जांच

- जिस कर्मचारी के समय में कब्जा हुआ, उस पर होगी कार्रवाई
- बरवाला व हांसी में बनेंगे एमआरएफ सेंटर लगेगा कचरा प्रोसेसिंग प्लांट : दहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जन संवाद कार्यक्रमों में आई शिकायतों पर कार्रवाई के प्रति नगर निगम प्रशासन ने कुछ गंभीरता दिखाई है। निगम आयुक्त ने बरवाला के एमई की जांच के आदेश दिए हैं वहीं पड़ाव चौक स्थित नगर सुधार मंडल की जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर जांच के आदेश दिए हैं। निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने सोमवार को नव वर्ष के पहले दिन सभी यूएलबी की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में शहर में हो रहे विकास कार्य व साफ सफाई बारे विचार विमर्श हुए। निगम आयुक्त ने पालिका के ऑफिस बनाने बारे निर्देश दिए।

### सैनिटेशन पर रहेगा फोक्स

आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष सैनिटेशन पर मैन फोक्स रहेगा जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि हांसी व बरवाला में कम से कम 10 बस क्यू शेल्टर और इसके अलावा बाकी बची पालिकाएं कम से कम 6-6 बस क्यू शेल्टर बनाने की तैयारी करें। निगम आयुक्त ने नाइट सेंटर भी सुचारू रूप से चलने के निर्देश दिए।



**हिसार।** निगम आयुक्त प्रदीप दहिया बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पार्कों के सुधारीकरण पर जोर

निगम आयुक्त ने पार्कों के सुधारीकरण बारे भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी यूएलबी शहर की ब्यूटीफिकेशन की तरफ भी ध्यान भी दें। उन्होंने लिगेसी वेस्ट को उठाने को भी कहा।

### एमई बेरवाल की होगी जांच

निगम आयुक्त ने जनसंवाद में आई शिकायतों पर भी समीक्षा की। एक मामले में बरवाला के एमई अमित बेरवाल की जांच उन्होंने कार्यकारी अभियंता को करने के आदेश दिए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, डीएमसी वीरेंद्र सहारण, कार्यकारी अभियंता संदीप सिहाग, कार्यकारी अभियंता संदीप धुंधवाल, कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी, एमई संदीप बेनीवाल, एमई कर्मपाल, बरवाला व नारनौद के एमई अमित बेरवाल, हांसी एमई जयवीर सिंह सहित सभी सचिव व जेई उपस्थित रहे।

### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर जोर

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर निगम आयुक्त ने जिनके बचे हुए टेंडर हैं उनको एस्टीमेट तैयार करने के आदेश दिए जिन्हें मुख्यालय भेजा जाएगा। निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि हांसी में बरवाला में एमआरएफ सेंटर बनाए जाए जिसमें कचरा प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाया जाए। इन प्लांट की चारदीवारी निकालने के टेंडर लगाने के आदेश दिए ताकि कचरे का प्रोसेसिंग जल्द से जल्द शुरू किया जा सकें।

### जमीन पर कब्जे पर दिखाई गंभीरता

पड़ाव चौक स्थित नगर सुधार मंडल की जमीन पर कब्जे के मामले में निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि इस पर कब्ज कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि कब्जे के समय जिस कर्मचारी के पास ये मामला था, उस कर्मचारी की निगम आयुक्त ने सयुंक्त आयुक्त को इंक्वारी करने के भी आदेश दिए।

हरिभूमि सहेली

नूतन वर्ष 2024



हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

# नूतन वर्ष: नई उम्मीदें.. नए संकल्प

आवरण कथा / विनीता

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-



### मन से बनें मजबूत

नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।

### हर हाल में रहें खुश

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी उदासी दूर करने में मदद मिलेगी।



### सेहत का रखें ध्यान

अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसके लिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

### बनें वक्त के पाबंद

जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।

### अपनी प्राथमिकताएं पहचानें

अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से उस लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करें, तभी सफलता मिलेगी।

### अपना भी रखें खयाल

अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

## नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स



नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगे:** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उथल-पुथल भी सामने आएगी। भावनाओं और विचारों के बारे में खुलकर बतियाना कभी बड़ों को समय रहते चेता देगा तो कभी उनकी मनःस्थिति को समझाने वाला साबित होगा।



**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगे:** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और वर्चुअल दुनिया के बजाय अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं। अकसर बच्चों से पहले बड़े इन साझा संकल्पों से दूरी बना लेते हैं। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए आपका भी उस राह पर चलना जरूरी है।

-डॉ. मोनिका शर्मा

---

सलाह / सरस्वती रमेश

## अपने रिश्तों को सहेजें



आज हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। कुछ तो इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि इनके पास अपने रिश्तेदारों क्या, परिवार के लिए भी समय नहीं है। ऐसे लोग अपनों से दूर होते जाते हैं, अकेले हो जाते हैं। यह सही नहीं है। तो क्यों ना नए साल में हमारा एक रेजॉल्यूशन यह भी हो कि इस साल अपने रिश्तों को सहेजेंगे, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के बीच जाकर प्यार-मिठास घोलेंगे। हम यह जरूर समझें कि हमारे जीवन में रिश्ते क्यों अहम हैं।

**रिश्तों से आसान हो जाता है जीवन:** सबसे पहले हम यह जानें कि घर-परिवार एक ऐसी जगह है, जो हमें हमारी सभी कमियों के साथ पूरी तरह स्वीकार करता है। हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा होकर हमारा हौसला बढ़ाता है, हमें हिम्मत देता है। परिवार और रिश्तेदारों से मिलने वाला सहयोग बेशर्त होता है और हमसे भी बदले में बेशर्त समर्पण और लगाव की कामना करता है। अगर अपने साथ हों तो सुख दोगुना हो जाता है, दुख आधा होकर मिट जाता है। जिस तरह किसी के साथ होने से सफर आसान लगता है, उसी तरह रिश्तों के साथ से जीवन आसान लगता है। किसी संकट या उलझन में फंसने से हम बच जाते हैं। तो इस नए साल में अपने रिश्तों में नई ऊष्मा भर अपनी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं।

**रिश्ते हमें बिखरने नहीं देते :** जीवन में कई बार ऐसा कुछ घट जाता है, जब हम टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। हताशा-निराशा से घिरकर अपने आपको बहुत अकेला और बहुत कमजोर समझते हैं। हमें अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। ऐसे में आर्थिक मदद से ज्यादा हमें भावनात्मक संबल की जरूरत होती है। किसी के साथ और उसके भावनात्मक सहारे के बल पर हमें घोर निराशा की स्थिति में एक आशा दिखने लगती है। उसकी संबल भरी बातों के सहारे हम कठिन से कठिन परिस्थितियों से निकल कर खड़े होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। इसलिए अपने रिश्तों को सहेजना, उन्हें समय-समय पर प्रेम-स्नेह और लगाव के जल से सींचते हुए हरा-भरा रखना जरूरी है। ये रिश्ते ही होते हैं, जो जीवन में छायी तपती धूप में हमें अपनी शीतल छांव देकर राहत देते हैं। वास्तव में रिश्ते में हर स्थिति में संबल देते हैं। इसलिए नए साल के संकल्पों में एक संकल्प अपने रिश्ते निभाने और उन्हें गहराने का भी जरूर लें।

---

हेल्थ एडवाइस/ डॉ. रिचा दीवान
सीनियर फिजिशियन, सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई गोल्स डिसाइड किए होंगे। इन्हें अचीव करने के लिए आपको हेल्दी-फिट रहना जरूरी है। हेल्दी-फिट आप तभी रहेंगी, जब कुछ हेल्थ रेजॉल्यूशंस को फॉलो करेंगी।

## तब आप रहेंगी पूरे साल हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि शुरू हुए नए साल में आप हेल्दी रहें ताकि पूरी एनर्जी के साथ अपने टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर सकें। इसके लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ रूल्स को फॉलो करना होगा।

**फ्रेश-हेल्दी डाइट :** हेल्दी रहने के लिए आप घर का बना खाना ही खाएं, क्योंकि घर में बनाए खाने में अधिक न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी डाइट में सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन, कार्ब्स, विटामिंस और मिनरल्स उपस्थित हों। बहुत ज्यादा फैटी, स्पाइसी और ऑयली फूड्स खाने से बचें। आप अगर फिगर-कॉन्शस हैं तो भी स्लिम दिखने के लिए कीटो डाइट, लो कार्बोहाइड्रेट डाइट या मेडिटेरेनियन जैसी डाइट को बिना किसी एक्सपर्ट एडवाइस के फॉलो ना करें। इसके बजाय न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना फायदेमंद होगा। हेल्दी रहने के लिए खाने की प्लेट को ज्यादा से ज्यादा कलरफुल बनाएं यानी उसमें कई रंगों की सब्जियां शामिल करें। डेली सीजनल और फ्रेश फ्रूट्स खाने की हैबिट भी बहुत यूजफुल है। इसके अलावा जंक फूड, स्ट्रीट फूड, पैक्ड फूड और हर तरह के फास्ट फूड्स अवॉयड करें। ऑन द स्पॉट कुकिंग के नाम पर मिलने वाले ज्यादातर स्ट्रीट फूड बासी होते हैं, जिन्हें गर्म करके सर्व करने पर उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। चारकोल पर बने ग्रिल्ड फूड खाने में भले ही अच्छे लगें, कार्बनयुक्त धुएं की वजह से ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक होते हैं। प्रीजर्वेटिव युक्त इंस्टेंट फूड्स से परहेज करना भी जरूरी है।



**डिटॉक्सीनेशन:** रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं। दिन में एकाध बार एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी, हर्बल टी या सुबह खाली पेट डिटॉक्स वॉटर भी ले सकती हैं। ये ना केवल आपके शरीर से फ्री रेडिकल्स यानी टॉक्सिक मैटर को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारु रूप से चलाने में मदद भी करता है। पानी की कमी या डिहाइड्रेशन होने पर चिड़चिड़ापन, कंसंट्रेशन में कमी आती है और तनाव भी बढ़ता है। लेकिन लिक्विड के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक्स, डाइट ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स को अवॉयड करें। इनमें मौजूद प्रीजर्वेटिव और एसिडिक तत्व डाइजेस्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके बजाय नीबू पानी, नारियल पानी या बिना चीनी के फ्रूट जूस पीना बेहतर है।

**फिजिकल एक्टिविटी :** अधिकतर वर्किंग और घरेलू महिलाएं बिजी रहने की वजह से अपनी फिटनेस को इग्नोर करती हैं। लंबे समय तक फिट और एक्टिव बने रहने के लिए कितनी भी बिजी रहें एक्सरसाइज के लिए कुछ टाइम जरूर निकालें। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहना, सिगरेट पीने जितना खतरनाक होता है। इसलिए जरूरी है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम ना करें, ब्रेक लेती रहें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या कमरे में वॉक तो कर ही सकती हैं। सुबह या शाम वॉकिंग और एक्सरसाइज जरूर करें।

**रेग्युलर मेडिटेशन:** रोज सुबह कम से कम 10 मिनट मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस से दूर रहेंगी। आपकी याददाश्त तेज होगी और आप दिन भर के लिए पॉजिटिव सोच से भर जाएंगी। मेडिटेशन करने से ब्रेन पॉजिटिव हार्मोंस रिलीज करता है, जो शरीर में एंटी एजिंग और एंटी डिजीज वाइब्स का संचार करता है। यह मेंटल हेल्थ को इंप्रूव कर ब्रेन पॉवर और मेमोरी को भी बूस्ट करता है। इम्यून सिस्टम को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है और कई मानसिक समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**फिक्स स्लीप टाइम:** इस साल हेल्दी रहने के लिए देर रात तक जागने के बजाय जल्दी सोने का खुद से प्रॉमिस करें। अच्छी हेल्थ के लिए रात में फिक्स टाइम पर सोना और जल्दी उठना बहुत कारगर है।

इस तरह यहां दिए गए एडवाइसेस को फॉलो करने से ना केवल इस पूरे साल बल्कि आने वाले कई साल तक आप हेल्दी-फिट रहेंगी।

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

---

मेकओवर-2024
पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

## इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स

साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले अपकमिंग ट्रेंड्स के बारे में।





### स्किन केयर

इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।

### मेकअप ट्रेंड

अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस तरह



ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।

### हेयर स्टाइल ट्रेंड

इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।

प्रस्तुति : ललिता गोयल

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन 15 तक

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्कीमों जैसे स्मैम, एनएफएसएम (तिलहन, दालें व गेहूं) के अन्तर्गत विभिन्न 32 प्रकार के कृषि यंत्रों/मशीनों पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि यंत्रों/मशीनों पर अनुदान के लिए किसानों को 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

### कार्रवाई की मांग पर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** ससपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर चावला ने सोसायटी घोटाले के पीड़ितों को पैसा वापिस दिलवाने व आरोपितों पर कार्रवाई के लिए विधायक जोगीराम सिहाग को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले से मुख्यमंत्री को अवगत करवाएंगे। ज्ञापन सौंपते समय रायसिंह वकील संयोजक, राजबीर, सपना मैहता, अशोक माजरा, पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग मैंबर, दर्शना देवी, सुभाष चन्द्र, वीरभान आदि उपस्थित थे।

### डीएन कॉलेज में नववर्ष पर हवन का आयोजन

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय में सोमवार को नववर्ष के शुभारंभ तथा जनवरी मास में जन्में महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के मंगलमयी जीवन तथा सुख-समृद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनवरी मास में जन्में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. शम्मी नागपाल, डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. अर्चना मलिक, प्रो. विजय सिंह तथा गैर शिक्षक कर्मचारी नरेश कुमार, संजय कुमार, धूप सिंह को यजमान की भूमिका के लिए आमंत्रित किया गया। पवित्र अग्नि, मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों का अनुसरण करते हुए आर्य समाज समिति की संयोजिका डॉ. मोनिका ने हवन आरंभ किया।

### स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन

**हांसी।** आरपीएस में रविवार को तीसरी से ग्यारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर उन्हें स्कॉलरशिप दी जाएगी। संस्था के निदेशक डॉ संदीप देसवाल ने बताया कि इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 9 वीं व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स, आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बच्चों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया।

### छात्रों के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** नववर्ष के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं व बच्चों को नशे से बचाने व जागरूक करने के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अभय राम अहलान व समाज कल्याण विभाग से धर्मवीर पानू ने शिरकत की। मुख्यातिथिओं ने राष्ट्रीय स्वयं सेवको को नशें के दुष्परिणामों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

## वार्ड वाइज एरिया अलॉट के खिलाफ अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# अधिकारियों पर मनमर्जी के तबादले पर भड़के बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मी

सिविल सर्जन द्वारा गत दिनों कर्मचारिकाओं से बिना सुझाव और विचार विमर्श किए उनके निर्धारित एरिया को वार्ड वाइज अलॉट करने का फरमान जारी कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


**हिसार।** मीटिंग में भाग लेते बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

सिविल सर्जन द्वारा शहरी क्षेत्र यूएचसी आजाद नगर और सेक्टर 1/4 में कार्यरत महिला बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारिओं का मनमर्जी से एरिया बदले जाने पर विरोध व्यक्त किया है। एरिया बदले जाने के विरोध में सोमवार को बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक हिसार की आपातकालीन मीटिंग बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान अमित राठी और संचालन सचिव विक्रम सिंह ने किया।

ब्लॉक प्रधान अमित राठी, सचिव विक्रम सिंह और उप प्रधान मूर्ति रोहिल्ला ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विगत 10 वर्षों से महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मी अपने निर्धारित एरिया में निष्ठा और लग्न भाव से कार्य कर रही हैं। सिविल सर्जन द्वारा गत दिनों कर्मचारिकाओं से बिना सुझाव और विचार विमर्श किए उनके निर्धारित एरिया को वार्ड वाइज अलॉट करने का फरमान जारी कर दिया जिसको लेकर सभी महिला और पुरुष एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों में रोष है क्योंकि उनका एरिया बदले जाने से कार्य करने में बेहद जटिल परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

निर्णय के विरोध में आजाद नगर और सैक्टर 1/4 के एसएमओ डॉ. कुलदीप डाबला और डॉ. मुकेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने आश्वाशन दिलाया कि इस बारे में शीघ्र ही बातचीत करके उचित समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार जितेंद्र मलिक, वरिष्ठ सदस्य नूर मोहमद, बजरंग सोनी, सुखबीर सिंह, कैशियर करमजीत, सीमा मिश्रा, सुमित्रा, धोली, सपना शर्मा, बबली गौतम, बेबी भारती आदि मौजूद रहे।


**हिसार।** हवन सामग्री डालते हुए कुलपति प्रो. डॉ. विनोद वर्मा व अन्य।

## भारतीय जीवन परंपरा में हवन का बहुत महत्व : कुलपति

- लुवास में नववर्ष का आगाज हवन पूजन से

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय में नववर्ष 2024 की शुरुआत हवन पूजन से की गई। विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन द्वारा लुवास के प्रांगण में आयोजित इस हवन पूजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। कुलपति का स्वागत लुवासंतिया के प्रधान व गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन के अन्य सदस्यों ने किया और नववर्ष की बधाई दी। विवि के कुलपति ने कहा कि भारतीय जीवन परंपरा में हवन का बहुत महत्व है और नव वर्ष की शुरुआत के लिए यह एक अच्छा कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय में बीते वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों का भी जिक्र किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा महाविद्यालय डॉ. गुलशन नारंग, अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. मनोज रोज, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. वीएस पंवार, एचआरएम निदेशक डॉ. राजेश खुराना, छात्र कल्याण निदेशक एवं एस्टेट ऑफिसर डॉ. पवन कुमार, आईपीवीएस निदेशक डॉ. सतपाल दहिया आदि मौजूद थे।

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

- सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतिम दिन गांव भिवानी रोहिल्ला में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आरंभ महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने हरी झंडी दिखा कर किया।

उन्होंने छात्राओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस रैली के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिए।


**हिसार।** नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नुक्कड़ नाटक आरंभ से पूर्व छात्राओं ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया और पेड़-पौधों की क्यारियाँ बनाईं। एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व में 42 स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त कैम्प फायर भी किया गया।

## महाराजा अग्रसेन ने भाईचारा बढ़ाने का काम किया : गर्ग

- केंद्र सरकार को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की तर्ज पर करे अग्रोहा का विकास
- देश में खुशहाली व जनता की सुख-शांति के लिए अग्रोहा धाम में यज्ञ व पूजा-अर्चना का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

देश व प्रदेश में खुशहाली, जनता के सुख-शांति व मानव कल्याण के लिए अग्रोहा धाम में नव वर्ष 1 जनवरी 2024 के शुभ आगमन पर भव्य हवन-यज्ञ, भंडारा व भजन समारोह अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मंदिरों में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाजवाद की नीम रखते हुए आपसी भाईचारा बढ़ाने का काम किया। उनके किए हुए कार्यों को 5147 वां साल बाद भी दुनिया याद करती है। उन्होंने कहा कि सरकार को महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर प्रदेश में यूनिवर्सिटी बनानी चाहिए।


**हिसार।** नव वर्ष पर हवन-यज्ञ करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य।

बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की तर्ज पर अग्रोहा का विकास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अनेक बार घोषणा करने के बावजूद भी अभी तक लांधरी टोल को नहीं हटाने से जनता में नाराजगी है। सरकार को तुरंत प्रभाव से लंधारी टोल को हटाना चाहिए। इस अवसर पर अग्रवाल विकास संगठन के जिलाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर कृष्ण कुमार, पवन गर्ग, सुरेंद्र मित्तल, एन के गोयल, अनंत अग्रवाल, अनिल सिंगला, ऋषि राज गर्ग, सत्य प्रकाश आर्य, अशोक गर्ग आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।


**हिसार।** नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### देशी व विदेशी विद्यार्थियों ने बांधा समां

**हिसार।** नव वर्ष के स्वागत में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नववर्ष की बधाई दी और बिना रुके जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने ये संदेश भी दिया कि नव वर्ष पर हमें कुछ नई अच्छी आदतों का समावेश अपने जीवन में करना चाहिए। कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक तथा प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने भी सभी को नववर्ष की बधाई दी। नव वर्ष के इस खास अवसर पर अलग अलग राज्य के विद्यार्थियों के साथ साथ विदेशी विद्यार्थियों अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान विदेशों विद्यार्थियों ने डांस, सिंगिंग शायरी, रैंप वॉक आदि की मनमोहक वे प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया और सभागार में मौजूद लोगों को झूमने से पर मजबूर कर दिया। कई तरह की हास्य प्रतियोगिताएं देशी और विदेशी मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

### गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह में कीर्तन दरबार का आयोजन

**हांसी।** बाबा बंदा सिंह बहादुर युवा सेवा दल द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह में नए वर्ष के आगमन को समर्पित 12वें कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा मंझी साहिब, कैथल से आए हजूरी रागी जत्था भाई मनदीप सिंह व हांसी गुरुद्वारा साहिब से भाई रमनदीप सिंह द्वारा संगतों को कीर्तन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने कीर्तन गायन के साथ संगत का मन मोह लिया। इस अवसर पर बाबा बंदा बहादुर सिक्ख संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर ने अपने संबोधन में वर्ष 2023 को अलविदा किया और वर्ष 2024 को सुस्वागतम कहा। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने शिरकत की ओर सभी को नव वर्ष की बधाई दी।



## हकृवि कुलपति प्रो. काम्बोज को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला एमएस स्वामीनाथन अवार्ड

- मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजमाता विश्वराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को प्रतिष्ठित एमएस स्वामीनाथन अवार्ड से नवाजा गया है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजमाता विश्वराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में वन हेल्थ वन वर्ल्ड विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें सस्य विज्ञान क्षेत्र में एक वैज्ञानिक/विस्तार विशेषज्ञ के रूप में उनके कार्यों के लिए मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे कनार्टक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उन्हें यह अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड के सदस्य डॉ. बीएस द्विवेदी, मेजबान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला व प्रमुख समाजसेवी श्री मोहनी मिश्रा भी मौजूद रहे। इस सम्मेलन का आयोजन एग्री-मीट फाउंडेशन व आरवीएस कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

उल्लेखनीय है कि एम.एस. स्वामीनाथन अवार्ड के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी की ओर से सस्य विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास व विस्तार के क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर विजेता का चयन किया गया है।

इसी के फलस्वरूप कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का चयन कर उन्हें एमए स्वामीनाथन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रो. काम्बोज अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक है और उनके अंतरराष्ट्रीय जर्नलों, पुस्तकों और तकनीकी पत्रिकाओं में लगभग 300 शोध-पत्र व आलेख प्रकाशित हुए है। प्रो. काम्बोज का पूरे सेवाकाल के दौरान विस्तार शिक्षा का सर्वाधिक अनुभव रहा है। वे किसानों की आम समस्याओं, आवश्यकताओं और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से परिचित है।


**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को एमएस स्वामीनाथन अवार्ड से सम्मानित करते कनार्टक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत।


**हिसार।** हवन में आहुति डालते सर्वेश हेल्थ सिटी के चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा व अन्य।

### सर्वेश हेल्थ सिटी में नववर्ष किया हवन

**हिसार।** सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी में नव वर्ष के आगमन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा, डॉ. सरिता कालरा, डॉ. राजकुमार आहुजा, भूपेंद्र मदान ने परिवार सहित यज्ञ में आहुति डाली। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ मुनावर खुर्शीद के अलावा अस्पताल के सभी डॉक्टर्स, मैनेजमेंट के सदस्य एवं स्टाफ ने भी मुख्य रूप से हवन कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। हवन यज्ञ की समाप्ति के बाद चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा ने लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम कामना करते हैं कि आने वाला वर्ष आपके लिए सार्थक हो, समृद्धि के साथ-साथ प्रेम से भरा हो।


**हिसार।** कौशिक नगर में आचार्या मां साक्षी के साथ नव वर्ष मनाते साधक।

### ओशोधारा ने विपश्यना ध्यान के साथ नववर्ष का उत्सव मनाया : आचार्या

**हिसार।** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ ने सोमवार को अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में ध्यान के साथ नव वर्ष पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। आचार्या मां साक्षी ने विपश्यना ध्यान करवाते हुए बताया कि विपश्यना ध्यान एक बौद्ध ध्यान प्रणाली है जिसे गौतम बुद्ध द्वारा स्थापित किया गया था। इस अवसर पर ओशोधारा हरियाणा के संयोजक सुभाष ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए विश्व शांति व सभी के समृद्धि की कामना की तथा बताया कि ध्यान ही सब तालों की चाबी है।

## बाजारों की सफाई कर व्यापारियों में वितरित किया गंगाजल

# टीम नरेश यादव ने शुरू की हांसी को काशी बनाने की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

समाजसेवी नरेश यादव द्वारा नववर्ष के अवसर पर शुरू की गई। हांसी का कांशी बनाने की मुहिम के तहत शहर के बाजारों में पुरुष वर्षा करते हुए हजारों की तादाद में महिलाएं व पुरुषों के साथ चलते हुए शहर की सफाई कर गंगा जल का छिड़काव किया और व्यापारियों को गंगाजल वितरित किया। हांसी को कांशी बनाने की मुहिम पंडितों द्वारा शंखनाद कर किया गया। यात्रा का शुभारंभ जींद चौक स्थित देवी लाल मार्केट से शुरू होकर दिल्ली गेट, चौपटा बाजार, किला बाजार, लाल सड़क, बजरियां चौक, प्रताप बाजार, छाबड़ा चौक, सदर बाजार, बड़सी गेट, से उमरा गेट, पुरानी सब्जी मंडी, भगत सिंह रोड, पुराना बस स्टेंड, तोशाम चुंगी होते हुए श्री काली देवी मंदिर चौक पर आकर यात्रा समाप्त हुई।


**हांसी।** शहर के बाजारों में गंगा जल वितरण यात्रा निकालते नरेश यादव व उनकी टीम। *फोटो : हरिभूमि*

मौके पर नरेश यादव ने लाल सड़क पर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रण लिया है कि वह हांसी को कांशी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह हांसी हलके के बुजुर्गों को गंगा स्नान करवा कर लाए हैं और यह सिलसिला अभी चल रहा है। उन्होंने कहा कि हांसी को कांशी बनाने से यहां स्वच्छता, सच्चाई और संस्कार का प्रवाह होगा और गंगा जल में यह शक्ति है कि वह जहां जाता है हर चीज को पवित्र कर देता है इस लिए हांसी को कांशी बनाने का शुभारंभ सफाई व गंगाजल से किया गया है।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुलेरी में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन नववर्ष के अवसर पर नए संकल्प के साथ सुबह की शुरुवात द्वीप प्रज्वलित करते हुए वेद मंत्रों के साथ हुई। इस शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि संदीप आजाद ने उपस्थित स्वंयसेवकों को अपने सम्बोधन में नवभारत निर्माण व युवाओं की भूमिका की बात की। समर्पण, लक्ष्य व समस्याओं के निदान बार बार प्रयासों से ही युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संस्कृत प्रवक्ता राजकुमार ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डा. जगमहेंदर सिहं ने और विशिष्ट अतिथि हिंदी प्रवक्ता ज्ञानी राम व समाजशास्त्र प्रवक्ता सुरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को अपने लक्ष्य बनाने की बात कही।


**हांसी।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

### सीनियर ग्रुप योगेश, जूनियर में गौतम व प्रीति रही प्रथम

**हांसी।** हमारे प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उनको तराशने की। यह बात कांग्रेस नेता जयसिंह पाली ने थांग था एसोसिएशन, हिसार व योगी स्पोर्टस अकेडमी, खरकड़ा द्वारा आयोजित नववर्ष पर प्रतिभा खोज सम्मान प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के घर घर में कलाकार भरे पड़े हैं, कोई खिलाड़ी, कोई कलाकार है तो कोई अपनी ही कला में माहिर है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कई प्रकार के खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप बामल ने की। फाइटर प्रतियोगिता में सीनियर में योगेश लाडवाल, जूनियर में गौतम व लड़कियों में प्रीति प्रथम स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महावीर, रामेश्वर सिंह, सरंपच प्रतिनिधि राजु बामल, सुरेंद्र कुमार, सतीश मास्टर, कुलदीप, अमित, योगिता, भतेरी आदि लोग सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष पर मोक्ष वृद्धाश्रम में हवन का आयोजन

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में नव वर्ष पर जनकल्याण के निमित हवन का आयोजन किया गया। इस हवन में मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों व स्टाफ सदस्यों सहित काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बुजुर्गों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए भजन गाकर समां बांध दिया।

### चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूची प्रकाशित

**हिसार।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के दृष्टिगत रूल 11 के तहत मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करने के लिए मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। निर्वाचक अधिकारी सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) जयवीर यादव ने बताया कि मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

### मेयर ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**हिसार।** मेयर गौतम सरदाना ने प्रोपर्टी टैक्स जमा करवाने की समय सीमा बढ़ाने की मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि पहले भी उनके अनुरोध पर यह समय सीमा बढ़ाई गई थी, जिससे नागरिकों को राहत भी मिली और सरकार को राजस्व की प्राप्ति हुई। उन्होंने यह समय सीमा 31 मार्च तक बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

### डिप्टी स्पीकर ने रावत खेड़ा में किया उद्घाटन

**हिसार।** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने सोमवार को गांव रावत खेड़ा व पायल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने गांव रावत खेड़ा में बस क्यू शेल्टर, श्री गुरु जंभेश्वर पार्क तथा पंचायत समिति स्कीम के तहत नाले व रास्ते के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

### पुलिस कॉलोनी में शुरू होगा रोटी बैंक

**हिसार।** एडीजीपी श्रीकांत जाधव 3 जनवरी को पुलिस लाइन में शुरू होने जा रहे रोटी बैंक का शुभारंभ करेंगे। पुलिस कर्मचारियों, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल व समाजसेवियों के सहयोग से शुरू होने जा रहे रोटी बैंक के लिए कमेटी का गठन किया गया है। पुलिस कर्मचारियों के परिजन भी इस कार्य मे सहयोग करेंगे।

### अध्यापक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा के नेतृत्व में अध्यापकों की मांगों व समस्याओं को लेकर डीईओ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अध्यापक संघ की राज्य उपप्रधान अलका सिवाच व अन्य नेताओं ने अतिथि अध्यापकों पर किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की।

### भवन निर्माण कामगार यूनियन का प्रदर्शन 17 को

**हिसार।** सीटू से संबंधित भवन निर्माण कामगार यूनियन अपनी मांगों को लेकर 17 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेगी। इसको लेकर यूनियन की जिला कमेटी की मीटिंग पृथ्वी प्रभात भवन में हुई। वेद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता आयोजित मीटिंग में प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

### हांसी पुलिस ने 69 वाहनों के चालान काटे

**हांसी।** सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने 1491 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 69 वाहनों के चालान किए गए।

## नव वर्ष की दी शुभकामनाएं, सुख शांति और समृद्धि की कामना

# विकसित भारत, समर्थ भारत के लक्ष्य पर आगे बढ़ रही मोदी सरकार: सिंधु

यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया जा रहा है तथा मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए अजय सिंधु व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा नारनौंद क्षेत्र के गांव खेड़ी जालब तथा खेड़ी लोहचब पहुंची जहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंधु ने यात्रा का स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। यात्रा के माध्यम से लोगों को गांव-गांव जाकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया जा रहा है तथा मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने यात्रा के दौरान उज्जवला कनेक्शन, 14 वृद्धावस्था पेंशन तथा 75 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। भाजपा नेता अजय सिंधु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से पूरे हरियाणा में विकास कार्यों में तेजी आई है। सरकार का लक्ष्य महिला, युवा, किसान से लेकर गरीब परिवार के उत्थान का है।

भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। 2047 तक हमें मिलकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना है। ऐसे लोग जो गरीबी के कारण अपना जीवन काफी मुश्किलों भरा जी रहे हैं, उनको समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई जा रही है। अजय सिंधु ने परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जयवीर माजरा, मंडल अध्यक्ष अशोक श्योराण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।


बरवाला। कर्मचारियों को सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देश देते एसडीओ गौरव यादव।

## बिजली कर्मचारियों ने मनाया सुरक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

नववर्ष के उपलक्ष्य में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपमंडल बरवाला में सभी कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा दिवस मनाया गया, जिसमें उपमंडल अधिकारी गौरव यादव द्वारा सुरक्षा से संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए ताकि बिजली की लाइनों पर काम करने के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना इत्यादि से बचा जा सके।

उन्होंने सुरक्षा उपकरणों के बारे में भी हिदायतें दी और कहा कि बिजली कर्मचारी की सेवाएं बहुत ही जोखिम भरी सेवाएं होती है। इसमें किसी भी प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए बिजली की लाइनों पर कार्य करने से पहले सुरक्षा अति आवश्यक है।

इस अवसर पर साधुराम जेई, महेंद्र सिंह फोरमैन, सुरेंद्र सिंह जेई, मुकेश फोरमैन,राजेंद्र सिंह फोरमैन, महेंद्र सिंह इंचार्ज, धर्मपाल सिंह, सुभाष चंद्र व एएलएम अनिल कुमार समेत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेक्टर 14 के सुभाष पार्क में हवन के साथ नव वर्ष का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। सेक्टर 14 के सुभाष पार्क में श्रीगणेश प्रभात मंडल के सदस्य हवन करते हुए।

श्रीगणेश प्रभात मंडल के तत्वाधान में सोमवार प्रातः नव वर्ष के उपलक्ष्य में सेक्टर 14 के मुख्य सुभाष पार्क में हवन-यज्ञ व भजन-संकीर्तन का आयोजन किया गया। हवन से पूर्व प्रतिदिन की भांति योग, प्राणायाम एवं भजन कीर्तन किया गया। जी.सी.नारंग ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से मंडल द्वारा सुबह गणेश वंदना करके संकीर्तन किया जाता है। अब 8 वर्षों से नये साल के पहले दिन हवन-यज्ञ हो रहा है। जी.सी.नारंग ने ज्योत प्रज्वलन करके हवन की शुरूआत की। मुख्य यजमान के रुप में चंद्र सिंह एसडीओ व उनकी धर्मपत्नी नीलम, डॉ. कलवंत जांगड़ा व उनकी धर्मपत्नी जांगड़ा समाज की महिला प्रधान मैना जांगड़ा, गोकल चंद नारंग व उनकी धर्मपत्नी सरोज नारंग आदि उपस्थित रहे। हवन में सेक्टर के अनेक प्रमुख लोगों ने हवन में आहुति डालकर अपनी हाजिरी लगवाई।

## हरियाणा ओड सभा की राज्यस्तरीय बैठक आयोजित

- बैठक में हिसार कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। ओड सभा के प्रदेशाध्यक्ष नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ओड सभा हरियाणा की बैठक ओड धर्मशाला पटेल नगर में हुई। बैठक में हरियाणा ओड सभा के अध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह एवं युवा के प्रदेश युवा अध्यक्ष छिंदरपाल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। हरियाणा ओड सभा के उपाध्यक्ष राजेश मुंडाई ने बताया कि बैठक में हिसार कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा ओड सभा प्रदेश में ओड समाज के उत्थान के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ओड समाज द्वारा जून माह में रतिया में राज्य स्तरीय महर्षि भागीरथ जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी जिसमें प्रदेश भर से समाज के लोग भारी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में राम प्रकाश मजोका को ओड सभा हिसार का जिलाध्यक्ष, धर्मबीर को जनरल सैक्रेटरी तथा पवन मांगल को युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया।

सतीश कुमार मजोका को ओड सभा कर्मचारी विंग का वरिष्ठ उपप्रधान व मास्टर शिवचरण को कर्मचारी विंग का प्रदेश सचिव, प्रो. संजीव खांबरा को बुद्धिजीवि प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व संतोष खांबरा को महिला मोर्चा जिला शहरी का प्रधान नियुक्त किया गया।

## संकीर्तन में वृंदावन से आए कलाकारों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर श्री वृंदावन धाम में नव वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में बड़ा ही मनमोहक संकीर्तन किया गया। संकीर्तन में वृंदावन धाम के प्रसिद्ध गायक शैलेंद्र शर्मा व पूजा शर्मा ने अपने भजनों से सब का मन मोह लिया व बांके बिहारी जी को खूब रिझाया। नए साल में सभी भक्तों ने श्री ठाकुर जी से समस्त सृष्टि पर रहने वाले सभी जीवों के लिए मंगल कामना की। संकीर्तन के पश्चात बिहारी जी की विशेष आरती और भोग लगाए गए और सभी भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।


हिसार। संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करते प्रसिद्ध गायक शैलेंद्र शर्मा व पूजा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## पूजित अक्षत के भव्य दर्शन व कलश यात्रा निकाली

**हिसार।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जी से पूजित अक्षत के भव्य दर्शन व कलश यात्रा पंचग्रामी चबूतरे से देवी मंदिर पाबड़ा तक निकाली गई। यह यात्रा अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय मंत्री स्वामी कृष्णानंद के सानिध्य व स्वामी जयदेव गिरि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर स्वामी अमृतानंद, स्वामी जितेंद्रानंद, स्वामी ब्रह्मानंद, महंत आनंद शास्त्री, स्वामी चंद्रदेव, साध्वी सुजाता कृष्णचंद्र देव, जगदीश तायल, सरपंच मास्टर दर्शन सिंह, बलबीर नम्बरदार, कीर्तिरत्न शर्मा, हरिश बंसल, सरपंच दर्शन सिंह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर पंचग्रामी पाबड़ा के चबूतरे पर सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें श्री राम के जीवन की चरित्र भजनों के माध्यम से बताया गया।


हिसार। पूजित अक्षत कलश यात्रा में उपस्थित संत व श्रद्धालु।

## 'तेरी सोच करे करतार सोचा न कर तू'

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा आठ मरला कालोनी पटेल नगर द्वारा गुरुद्वारा में शबद कीर्तन कर नववर्ष का स्वागत किया गया। गुरुघर से जुड़ी बीबीयों व बच्चों ने सुखमणी साहिब के पाठ करके व सुंदर शब्दों बाजा वाला है बुलांदा विच हेमकुंट दे, भाग है जगांदा, जिवें पिछलियां संगतां तारियां, ओवें सानू तारो बाबा जी, तेरी सोच करे करतार सोचा न कर तू आदि से गुरुघर से जुड़ी साध संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान हरमिंद्र सिंह सूबेदार, सचिव भूपेंद्र पाहवा, कुलदीप सिंह, मखन सिंह, स्वर्ण सिंह, अजय पाहवा, अजय खन्ना, चंद्र भान गांधी, ईश आर्य, लखपाल सिंह, रणजीत सिंह, देवेंद्र मान, सुरजीत सिंह चावला, राज कुमार ठाकुर, अनिल नारंग आदि मौजूद थे।


हिसार। जमनीदास गुरुद्वारा में उपस्थित साध-संगत। फोटो : हरिभूमि

## केनरा बैंक इंप्लाइज यूनियन के चेयरमैन नीरज हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

केनरा बैंक इंप्लाइज यूनियन के चेयरमैन, हरियाणा बैंक इम्प्लाइज फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं फेडरेशन की हिसार इकाई के कोषाध्यक्ष कामरेड नीरज नारंग 33 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाएं देने के उपरांत केनरा बैंक की स्थानीय गुलाब सिंह चौक शाखा से सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर आयोजित समारोह में हरियाणा बैंक इंप्लाइज फेडरेशन की हिसार शाखा के प्रधान वीएल शर्मा, सचिव कामरेड सुमन, प्रेस सचिव कामरेड जगदीश नागपाल, वरिष्ठ सदस्य मुनीश यादव व राघव ठकराल ने कामरेड नीरज नारंग को पगड़ी पहनाकर, शॉल भेंट कर व फूल माला पहना कर सम्मानित किया।


हिसार। कामरेड नीरज नारंग को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते फेडरेशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने नियमों की अवहेलना पर 38 वाहन चालकों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एडीजीपी श्रीकांत जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देशन में जिलेभर में सोमवार को सीलिंग प्लान लगाया गया। नव वर्ष के पहले दिन पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। नाकों पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने लगभग 1122 वाहन चैक कर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 38 वाहन चालकों के चालान किए। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने धुंध के समय वाहन चालको को हादसों को लेकर आगाह करते हुए उन्हें सतर्कता से वाहन चलाने के लिए क प्रेरित कर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। एडीजीपी श्रीकांत जाधव 31 दिसंबर को अर्धरात्रि के समय शहर की गश्त पर निकले।

इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर उन्हे नव वर्ष के आगमन की बधाई दी और उनकी दिसंबर की कड़कती ठंड में भी मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहने पर हौसला अफजाई की। गश्त के दौरान एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने नव वर्ष मना रहे युवाओं को संयम के साथ मर्यादा में रहकर नव वर्ष का जश्न मनाने की हिदायत दी। पुलिस ने इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर गाड़ी में शराब पीने वालों हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

**कार्यक्रम**

ढाणी पीरांवाली तथा गगन खेड़ी गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

### देश व प्रदेश की तरक्की के लिए जनता को भाजपा का देना होगा साथ : विधायक

## गंगन खेड़ी से जमावड़ी तक तथा माइनर से स्कूल तक बनवाई जाएगी सड़कें : भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

देश व प्रदेश की तरक्की भाजपा की सरकार ही कर सकती है। इसलिए आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में लोगों को भाजपा का साथ देकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करना चाहिए। यह बातें विधायक विनोद भयाना ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ढाणी पीरांवाली तथा गगन खेड़ी गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई पीर बाबा वाले तालाब की चारदीवारी पक्का करवाने की मांग पर जल्द ही कम से कम दिवारी का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गगन खेड़ी गांव से जमावड़ी गांव तक तथा गगन खेड़ी गांव में माइनर से गांव विद्यालय तक सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा तथा वॉटर टैंक भी बनवाया जाएगा।


हांसी। जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना।

### 8 बुजुर्गों ने बनवाई बुढ़ापा पेंशन

जन संवाद कार्यक्रमों में 8 बुजुर्गों ने बुढ़ापा पेंशन बनवाई। लोगों ने आयुष विभाग के स्टॉल से निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। लोगों ने आधार कार्ड की त्रुटियों को ठीक करवाया तथा अनेक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई तथा निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। विधायक ने बुजुर्गों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया, यात्रा के संयोजक रामावतार शर्मा, सरपंच पवन कुमार, सरपंच रामकेश, ईश्वर नंबरदार, रामपुर नंबरदार, छबील दास, लालचंद, युद्धवीर सिंह, सुखविंद्र सिंह आदि मौजूद थे।